नईदुनिया
सिटी



विशेषज्ञों ने खाद्य उत्पादों की गुणवता का परीक्षण किया। ० सौजन्य महाविद्यालय

मिलेट आधारित खाद्य उत्पादों के विकास को मिला विज्ञानी आधार

शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय में आयोजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर

शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग में मिलेट आधारित खाद्य उत्पादों के विकास एवं मानकीकरण की दिशा में विशेष संवेदी मूल्यांकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य मिलेट से तैयार किए जा रहे विभिन्न मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता, स्वाद एवं उपभोक्ता स्वीकार्यता का विज्ञानी रूप से परीक्षण करना है।

विभाग की शोधार्थी खुशबू साहू और नेहा लिल्होरे इन उत्पादों के विकास एवं मानकीकरण पर शोध कर रही हैं। खुशबू साहू द्वारा "मिलेट बेस्ड रेडी मिक्सेस आफ इडली और चकली जबकि नेहा द्वारा मेजर मिलेट बेस्ड वेल्यू एडेड नूडल्स एंड पास्ता विषय पर अनुसंधान किया जा रहा है। शोध के अंतर्गत विकसित खाद्य उत्पादों का संवेदी परीक्षण विभिन्न निर्धारित मानकों के आधार पर किया जा रहा है। इसमें उत्पादों के रंग, स्वरूप, सुगंध, स्वाद, बनावट तथा समग्र स्वीकार्यता जैसे प्रमुख गुणों का परीक्षण शामिल है। इस प्रक्रिया के लिए महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों तथा नियमित विद्यार्थियों को पैनलिस्ट के रूप में शामिल किया गया है। संवेदी मूल्यांकन पैनल में डा. अर्चना चतुर्वेदी, डा. सुनीति सेन, डा. कामना श्रीवास्तव, डा. अरुणा, डा. अर्चना सिंह, डा. ऊषा कैली सहित अन्य प्रतिभागियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने भी उत्पादों के मूल्यांकन में सक्रिय भूमिका निभाई। गृहविज्ञान विभाग की इस पहल में मिलेट के पोषणात्मक महत्व के साथ-साथ उन्हें दैनिक आहार में उपयोगी एवं सुविधाजनक रूप में शामिल करने पर जोर दिया जा रहा है। रेडी-टू-कुक एवं मूल्यवर्धित उत्पादों के विकास के माध्यम से पौष्टिक खाद्य विकल्पों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम विद्यार्थियों को खाद्य उत्पाद विकास, संवेदी परीक्षण और पोषण विज्ञान की व्यावहारिक प्रक्रिया से जोड़ने के साथ शोधार्थियों के अनुसंधान को विज्ञानी आधार प्रदान कर रहा है। विभाग द्वारा हेल्दी फूड न्यूट्रीशियंस फ्यूचर की अवधारणा के अनुरूप पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

Scanned by CamScanner